प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
19.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

प्रश्नकाल
मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि विभिन्न विभागों में कार्यरत मल्टी टास्क वर्करों के लिए सरकार कानूनी राय लेने के बाद नीति बनाएगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में विधायक सतपाल सिंह सत्ती के मूल प्रश्न के उत्तर में हस्तक्षेप करते हुए मुख्यमंत्री ने ये बात कही। इससे पहले लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मल्टी टास्क वर्करों के लिए नीति पूर्व सरकार के समय में बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि पहले इन कर्मचारियों को 4 हजार मानदेय दिया जाता था और अभी 5 हजार 5 सौ रुपए मानदेय दिया जा रहा है। विधायक अनुराधा राणा के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में प्रदेश में 12 किसानों ने अलग अलग कंपनियों व्यापारियों और आढ़तियों के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले दर्ज करवाए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि ऐसे मामलों में पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। विधायक बिक्रम ठाकुर के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी भूमि पर बांस कटान करने पर कोई फीस नहीं लगेगी और बांस को पेड़ की श्रेणी से बाहर कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोग बांस काटकर बाहरी राज्यों में ले जाते हैं तब इस पर परमिट फीस लगती है।

विधानसभा प्रदर्शन
विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के अंदर और बाहर आरोप प्रत्यारोप की राजनीति देखने को मिल रही है। भाजपा ने बजट सत्र के आज दूसरे दिन सरकार को माफिया राज़ को लेकर घेरा। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष ने अवैध वन कटान पर धरना प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और वन व खनन माफिया को संरक्षण देने के आरोप लगाए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सिरमौर जिले के शिलाई क्षेत्र में अवैध रूप से 3 सौ से ज्यादा जबकि धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में अवैध रूप से सैकड़ों पेड़ काटे गए हैं। उन्होंने इसे पर्यावरण और कानून व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर खतरा बताया है।

मुख्यमंत्री आरोप
दूसरी तरफ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भारतीय जनता पार्टी पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा नेता बिना तथ्यों के ही आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के पास अगर कोई सबूत हैं, तो उन्हें विधानसभा पटल पर रखा जाना चाहिए।

नवरात्र

चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो गए हैं। आज ही हिन्दू नववर्ष भी शुरू हो गया है। नवरात्र के लिए सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। नवरात्र के पहले दिन आज मां के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा–अर्चना की गई। कांगड़ा, ऊना और बिलासपुर ज़िलों में स्थित शक्तिपीठों चामुण्डा देवी, बज्रेश्वरी देवी, ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी और श्री नयना देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

इधर राजधानी शिमला स्थित कालीबाड़ी मंदिर और तारादेवी मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के समक्ष शीश नवाया।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हिमपात और निचले व मैदानी इलाकों में वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट के चलते एक बार फिर ठंड बढ़ गई है। भारी बर्फबारी और खराब मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए लाहौल स्पीति प्रशासन ने एहतियात के तौर पर अटल टनल रोहतांग से आवाजाही बंद कर दी है। जनजातीय जिलों में वर्षा और बर्फबारी से कई अंदरूनी सड़कें यातायात के लिए बंद हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने अगले 24 घंटों के दौरान ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात व

निचले क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बिजली चमकने, वर्षा और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

—————————————